हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 20 अक्टूबर 2025
सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



## खबर संक्षेप

### सुकुलबाय में मातर महोत्सव पर कबड्डी स्पर्धा

**महासमुंद।** जय जोखाही माता मातर महोत्सव पर ग्राम सुकुलबाय में 60वां वर्ष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 13000, द्वितीय 10000, तृतीय 7000, चतुर्थ 5000 रुपए दिया जाएगा। इसी तरह महिला वर्ग में प्रथम 7000, द्वितीय 5000, तृतीय 3500 एवं चतुर्थ पुरस्कार 2500 रुपए प्रदाय किया जाएगा। मातर महोत्सव के मौके पर छत्तीसगढ़ के पारंपरिक नृत्य सुवा और राउत नृत्य प्रतियोगिता भी आयोजित है। मातर महोत्सव के लिए आयोजन समिति एवम खिलाड़ी तैयारी में जुटे हुए हैं। उक्त जानकारी खुमान सिंह ध्रुव ने दी है। फोटो_समाचार, करण सिंह

### संकुल स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में संकुल स्तरीय गणित एवं विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य करण सिंह सोरी के मार्गदर्शन में एवं गणित व्याख्याता लता राजन एवं जीव विज्ञान व्याख्याता रंजीता दुबे के कुशल निर्देशन में हुआ। क्विज प्रतियोगिता में बड़गांव एवं बिरकोनी के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के पश्चात गणित में निहाल साहू एवं विज्ञान में कुशल निषाद प्रथम स्थान पर रहे। चयनित बच्चों की विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता 29 अक्टूबर को महासमुंद में होगा । संचालन व्याख्याता लक्ष्मण मानिकपुरी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता निर्मला कुजूर, कन्हैया लाल साहू, करुणा चंद्राकर, सीआर अग्रवाल, रागिनी चंद्राकर, टामेश्वरी साहू, अनुपमा मानिकपुरी, संतराम साहू, श्रवण कुमार सिन्हा, राम प्रसाद मोहंती, तारामती साहू, मनहरण लाल भट्ट, निधि गुप्ता, वेदराम रात्रे, सुरेश कुमार गुप्ता, रेणुका चंद्राकर, सौरभ साहू, भानेद्र बिसेन एवं बच्चे उपस्थित थे।

**आयोजन : किसानों को वितरित की गई आदान सहायता सामग्री, जिला स्तरीय किसान मेला का आयोजन**

# किसान हमारे अन्नदाता हैं, देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़: रूपकुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

रजत जयंती वर्ष 2025-26 के उपलक्ष्य में एक्सटेंशन रिफार्म्स आत्मा योजना के अंतर्गत भीमराव अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन संजय कानन के पास एक दिवसीय जिला स्तरीय किसान मेला का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी थीं, जबकि विशिष्ट अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा रहे। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, जिला पंचायत सदस्य जुगनू चंद्राकर, महेंद्र सिक्का सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

**मेले में विभागीय प्रदर्शनी और उत्कृष्ट कृषकों का सम्मान-** मेले में विभिन्न विभागों द्वारा कृषकों को नवीन तकनीकी जानकारी एवं योजनाओं की जानकारी देने के लिए आकर्षक स्टॉल लगाए गए। सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने सभी स्टॉलों का अवलोकन किया और विभागीय अधिकारियों से विस्तार से जानकारी ली। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा जिले के उत्कृष्ट किसानों को कृषक आदान सहायता सामग्री प्रदान की



गई। साथ ही आत्मा योजना अंतर्गत नवाचारों और कृषि में उपयोगी वैज्ञानिक विधियों की जानकारी भी साझा की गई।

### किसान हमारे अन्नदाता: सांसद

सांसद रूपकुमारी चौधरी ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि किसान हमारे अन्नदाता हैं, देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में कृषि क्षेत्र में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएँ संचालित की जा रही हैं।

### किसानों की समृद्धि के लिए सरकार प्रयासरत: विधायक

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरकार किसानों की समृद्धि और आत्मनिर्भरता के लिए निरंतर नई योजनाएँ लागू कर रही है। यह किसान मेला किसानों को जानकारी, नवाचार और तकनीकी सहयोग प्रदान करने का एक सशक्त मंच है।

कार्यक्रम में उप संचालक कृषि एफआर कश्यप, संदीप घोष, राजू चंद्राकर, मुन्ना साहू, प्रकाश शर्मा, संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा सभी विकासखंडों से आए बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध धान परिवहन पर निगरानी के लिए 16 जांच चौकियों पर कर्मचारियों की लगाई ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जारी समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का उपार्जन नीति निर्देशों के पालन में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के दौरान जिले में धान की अवैध धान परिवहन को रोकने जिला प्रशासन द्वारा निगरानी व्यवस्था शुरू कर दी है।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले की सीमाओं पर कुल 16 जांच चौकियों की स्थापना की जा रही है। ये जांच चौकियां 1 नवंबर 2025 से धान उपार्जन अवधि समाप्त होने तक सक्रिय रहेंगी। जांच चौकियों के प्रभारी अधिकारी संबंधित तहसील के तहसीलदार होंगे। इन जांच चौकियों में राजस्व, कृषि उपज मंडी समिति, वन विभाग एवं जिला सेनानी के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। संबंधित चौकियों पर पदस्थ कर्मचारी शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप सीमावर्ती राज्यों से आने वाले धान परिवहन वाहनों की सघन जांच और निगरानी करेंगे। साथ ही कलेक्टर श्री लंगेह द्वारा धान के अवैध परिवहन एवं संग्रहण पर नियंत्रण रखने के लिए उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। उड़नदस्ता दल में सबंधित तहसील के उप वन मंडलाधिकारी, खाद्य निरीक्षक, सहकारिता निरीक्षक, मंड़ी सचिव व परिवहन निरीक्षक शामिल होंगे। जो संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के मार्गदर्शन में कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

सरायपाली एवं बागबाहरा में 5-5, जबकि बसना एवं पिथौरा में 3-3 अंतर्राज्यीय जांच चौकियां स्थापित की जाएगी। इन चौकियों पर संबंधित क्षेत्रों के धान खरीदी केंद्रों की सतत निगरानी एवं जांच की व्यवस्था की गई है। जिसमें सरायपाली तहसील अंतर्गत बंजारी जांच चौकी पर चिवराकुंट धान खरीदी केंद्र की निगरानी की जाएगी। इसी प्रकार पालीडीह/सिरपुर जांच चौकी पर सिरबोड़ा, बलौदा व सेमलिया, पझरापाली जांच चौकी पर तोषगांव, जंगलबेड़ा जांच चौकी पर जंगलबेड़ा, तथा छिबर्रा घाट चौकी पर भोथलडीह धान खरीदी केंद्र की निगरानी होगी। बसना क्षेत्र में पलसापाली जांच चौकी पर अंकोरी, केरामुड़ा/कुदारी बाहरा चौकी पर कुरचुंडी तथा साल्हेझरिया चौकी पर गढ़फुलझर धान खरीदी केंद्र की निगरानी की जाएगी। पिथौरा क्षेत्र में कटंगतराई जांच चौकी पर सल्डीह, छोटेलोरम/लारीपुर चौकी पर जेराभरन एवं परसवानी, तथा चरोदा चौकी पर बेल्डीह, बुंदेली एवं सुखीपाली धान खरीदी केंद्रों की जांच होगी। वहीं बागबाहरा क्षेत्र अंतर्गत टेमरी जांच चौकी पर पटपरपाली, नर्रा जांच चौकी पर कोमाखान एवं नर्रा, खेमड़ा जांच चौकी पर खेमड़ा, देवरी एवं बागघामुड़ा, खट्टी जांच चौकी पर कछारडी एवं कसेकेरा, तथा रेवा जांच चौकी पर मुनगाशेर धान खरीदी केंद्र की सतर्क निगरानी की जाएगी।

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के दौरान ओडिशा एवं अन्य राज्यों से धान लाकर छत्तीसगढ़ के उपार्जन केंद्रों में विक्रय किए जाने की संभावना को देखते हुए शासन ने विशेष सतर्कता के निर्देश दिए हैं। शासन के निर्देशानुसार 30 अप्रैल 2026 तक अन्य राज्यों से धान का आयात केवल संचालक, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की अनुमति से ही किया जा सकेगा। सुपर फाइन किस्म का धान जिसकी लागत 3300 प्रति क्विंटल से अधिक हो के आयात के लिए संचालक की अनुमति आवश्यक नहीं होगी, लेकिन संबंधित आयातक को इसकी सूचना जिला खाद्य अधिकारी/खाद्य नियंत्रक को देना अनिवार्य होगा।

कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि किसी भी चौकी पर धान के अवैध परिवहन या विक्रय की गतिविधि पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारी मंडी अधिनियम के अंतर्गत वाहन एवं धान जप्त कर प्रकरण दर्ज करेंगे। कलेक्टर ने सभी जांच चौकियों को सतत सक्रिय रहकर सीमावर्ती क्षेत्रों में धान की अवैध आवाजाही पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं।

## सेजेस पटेवा के विद्यार्थियों की ज़ोनल प्रतियोगिताओं में धूम, रग्बी में सिल्वर और हैंडबॉल में गोल्ड

**महासमुंद।** स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, पटेवा के विद्यार्थियों ने ज़ोनल स्तर पर आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के छात्रों ने शतरंज, हैंडबॉल, रग्बी और एथलेटिक्स में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। शतरंज में सोमी चंद्राकर (अंडर-19) और अंकुर ध्रुवंशी (अंडर-14) ने प्रतिनिधित्व किया। हैंडबॉल में विद्यालय की गर्ल्स टीम (अंडर-19 एवं अंडर-17) तथा बॉयज़ टीम (अंडर-17 और अंडर-19) ने भाग लिया। उल्लेखनीय उपलब्धि यह रही कि हैंडबॉल बॉयज़ टीम ने दोनों वर्गों (अंडर-17 एवं अंडर-19) में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता। रग्बी में हुमेश निषाद और सतीश मन्नाडे ने अंडर-19 वर्ग में भाग लिया। हुमेश निषाद ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर के लिए चयनित होकर सिल्वर मेडल हासिल किया। वहीं एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सतीश मन्नाडे ने 800 मीटर दौड़ में भागीदारी की। साथ ही, हुमेश निषाद और सतीश मन्नाडे ने विद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए लेज़र रन ओपन नेशनल टूर्नामेंट में भाग लिया, जो बिहार के बेगूसराय में आयोजित हुआ। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. समीर चंद्र प्रधान ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह विद्यालय और क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। शारीरिक शिक्षा शिक्षक वैभव माणिकपुरी ने छात्रों की मेहनत और अनुशासन की सराहना की। इन उपलब्धियों से विद्यालय परिवार में हर्ष और उत्साह का माहौल है। साथ ही सभी जिला पंचायत, ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत तथा एसएमडीसी के पूर्व सदस्यगणों द्वारा विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी गई और उनकी उपलब्धियों की प्रशंसा की गई। विद्यार्थियों को आगे और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित भी किया गया।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर होंगे विविध कार्यक्रम




**महासमुंद।** लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती 31 अक्टूबर को आयोजित होने वाले विविध गतिविधियों एवं कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन एवं सफलतापूर्वक आयोजन के लिए कलेक्ट्रेट सभाकक्ष महासमुंद में प्रेस वार्ता आयोजित किया गया। प्रेस कॉन्फेंस में सांसद लोकसभा महासमुंद रूपकुमारी चौधरी ने मीडया प्रतिनिधियों को कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा, राजिम विधायक रोहित साहू, छत्तीसगढ़ बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, येतराम साहू, एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

प्रेस वार्ता में सांसद लोकसभा महासमुंद रूपकुमारी चौधरी ने बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में एकता, देशभक्ति और कर्तव्य भावना को जागृत करना है। इस अवसर पर तीन दिवसीय पदयात्रा 6 से 8 नवंबर तक किया जाएगा। यह पदयात्रा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत महासमुंद, धमतरी एवं गरियाबंद में एक साथ आयोजित होगा। जिसके लिए रूट चार्ट का निर्धारण किया गया है तथा संचालन के लिए अलग-अलग टीम बनाई गई है। कार्यक्रम का संयोजन सांसद रूपकुमारी चौधरी करेंगी। पदयात्रा सुबह 10 बजे से प्रारम्भ होकर शाम 4 बजे तक चलेगा। महासमुंद जिला अंतर्गत गांधी ग्राम तमोरा से शुभारम्भ किया जाएगा जो लोहिया चौक महासमुंद में समाप्त होगा। इसी तरह गरियाबंद जिले में सिरकट्टी आश्रम से प्रारम्भ होकर गरियाबंद मालगांव में समाप्त होगा। धमतरी में गांधीग्राम कुंडेल से प्रारम्भ होकर गांधी चौक धमतरी में समापन होगा। इस दौरान 2 रात्रि विश्राम भी किया जाएगा। पदयात्रा से पहले स्थानीय लोगों में जागरूकता के लिए स्कूल, कॉलेज में अलग-अलग प्री इवेंट गतिविधियां, जैसे निबंध प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के जीवन पर संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जाएगा। साथ ही युवाओं के बीच नशामुक्त भारत शपथ, संस्थानों में स्वदेशी मेलों का आयोजन एवं गर्व से स्वदेशी संकल्प भी दिलवाए जाएंगे। इसके अलावा 30 अक्टूबर को एक दिवसीय पदयात्रा सिरपुर से प्रारम्भ होगा जो लगभग 11 किलोमीटर तक चलेगा।

इस दौरान योग एवं हेल्थ शिविरों के साथ क्षेत्र में स्वच्छता अभियान का भी आयोजन किया जाएगा। पीडब्ल्यूडी और नगर-निगम को समन्वय कर सड़को पर सफाई और रौशनी सुनिश्चित करने निर्देशित किया। सरदार पटेल के उद्धरण और राष्ट्रीय एकता दिवस तथा आगामी पदयात्रा से संबंधित संदेशो वाले साइन बोर्ड लगाये जायंगे। यात्रा पथ पर सार्वजनिक सुविधा स्थल बनवाएँ जिसमें पानी, शौचालय, हल्का भोजन आदि मूलभूत सुविधाएं शामिल किया जाएगा। यात्रा के दौरान सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि, आत्मनिर्भर भारत शपथ और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। प्रेस वार्ता में सांसद खेल महोत्सव की भी जानकारी दी गई। जिसमें बताया गया कि संकुल स्तरीय खेल महोत्सव 30 स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है, जो 23 नवंबर तक चलेगा। विधानसभा स्तरीय खेल महोत्सव 13 दिसम्बर तक आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, गरियाबंद, धमतरी व महासमुंद के प्रभारी खेल अधिकारी अंजली बरमाल तथा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि मौजूद थे।

### छग भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल की बैठक हुई

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा विगत समीक्षा बैठक में मंडल अंतर्गत संचालित पंजीयन, नवीनीकरण एवं विभिन्न योजनाओं से संबंधित लंबित आवेदनों के शीघ्र निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश प्राप्त हुए। उक्त निर्देशों के परिपालन में श्रम पदाधिकारी डीएन पात्र द्वारा गुरुवार को जिले के समस्त जनपद पंचायतों में संचालित श्रम संसाधन केंद्रों के कर्मचारियों की साप्ताहिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंडल अंतर्गत पंजीयन, नवीनीकरण एवं योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही माहवार आयोजित शिविरों के दौरान निर्माणाधीन कार्यस्थलों का निरीक्षण कर श्रमिकों का पंजीयन होंगे।

## ग्रामीण एवं निजी चिकित्सा कल्याण संघ ने की धन्वंतरी की पूजा

**महासमुंद।** ग्रामीण एवं निजी चिकित्सा कल्याण संघ बागबाहरा ब्लॉक में धूमधाम से धन्वंतरी पूजा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक ग्रामीण एवं निजी चिकित्सकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष चेतन साहू तथा सचिव घनश्याम पटेल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र सेन आमंत्रित थे, जिन्होंने धन्वंतरी भगवान की पूजा अर्चना कर सभी चिकित्सकों को आयुर्वेद एवं आरोग्य के मार्ग पर निरंतर कार्य करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर उपस्थित सभी चिकित्सकों ने संघ की एकता और चिकित्सा सेवा के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण एवं सामूहिक चर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में



डॉ घनश्याम पटेल, चेतन साहू, थानू राम, भीम साहू, घनश्याम पटेल, डीआर हरदेव चंद्राकर, शिव साहू, लव चक्रधारी, आसाराम साहू, कबीर साहू, राकेश साहू, ओम प्रकाश साहू, गोविंद साहू, विक्रम लाल पटेल, शैलेंद्र साहू, हितेश देवांगन, सानू राम यादव, कोलेश्वर प्रसाद साहू, पुरानी पटेल, हरीश साहू, घनश्याम मिश्र, लक्ष्मण साहू, मंगलूराम साहू, उमाशंकर मिश्र, तेजनाथ साहू, सुरेंद्र साहू, गजेंद्र साहू, लेख राम साहू, अशोक कुमार सिंह, लक्ष्मण प्रसाद साहू, धनुराम साहू, राजाराम साहू, जहूर यादव, झूमक साहू, जीवनलाल, गणेशाराम साहू, रूप सिंह दीवान, प्रीतम साहू, तेजनाथ साहू, जोगीलाल साहू, गोवर्धन साहू, रवि, डोमन साहू आदि मौजूद रहे।

# स्वयंसेवकों ने सैनिक परिवारों के साथ बांटी दिवाली की खुशियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कंडेल शाखा के स्वयंसेवकों ने दिवाली पर ग्राम कंडेल में सैनिक परिवारों के साथ दिवाली की खुशियां बांटी। ज्ञात हो कि ग्राम कंडेल के नीतीश सिन्हा पिता भीखम सिन्हा आइटीबीपी अरुणाचल प्रदेश, टिकेश्वर साहू आइटीबीपी कटक उड़ीसा, गांधी सोनवानी अग्निवीर मेरठ, लोकेश सोनवानी सीआरपीएफ दिल्ली, लीलेश्वरी सोनवानी बीएसएफ पश्चिम बंगाल, गुलशन निर्मलकर नौसेना जम्मू, साजन विश्वकर्मा सीआरपीएफ में देश की सेवा में जुटे हुए हैं। इनके अतिरिक्त दो और परिवार से जवान सेवा में कार्यरत हैं। ये जवान दिवाली पर छुट्टी न मिलने से अपने घर नहीं पहुंच पाए हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने इन जवानों के परिवार वालों को मिठाई भेंटकर दीपावली की खुशियां बांटी। इस अवसर पर भरत लाल ध्रुव, यतीशभूषण श्रीवास्तव, राकेश कुमार साहू, भीम साहू, ओंकार नेताम, चित्रसेन साहू, तुषार साहू, प्रियांशु सिन्हा, भूषण साहू, बलजीत साहू, सुमित विश्वकर्मा, ओमेश साहू, अमित यादव, शेष पटेल आदि स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## दीपावली मिलन एवं सम्मान समारोह 25 को

**कोर्रा(भखारा)।** परिक्षेत्र साहू समाज कोर्रा के तत्वावधान में दीपावली मिलन एवं सम्मान समारोह 25 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे परिक्षेत्र साहू सदन कोर्रा में रखा गया है। मुख्य अतिथि कामता साहू अध्यक्ष तहसील साहू समाज भखारा होंगे। अध्यक्षता गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद करेंगी। विशिष्ट अतिथि ओमप्रकाश साहू उपाध्यक्ष तहसील साहू समाज भखारा, दमयंतीन साहू उपाध्यक्ष तहसील साहू समाज भखारा, जितेंद्र साहू संगठन सचिव तहसील साहू समाज भखारा, भारती साहू सचिव महिला तहसील, रेखा शेषनारायण साहू सदस्य जनपद पंचायत कुरूद, नीलमणि साहू संरक्षक परिक्षेत्र साहू समाज कोर्रा, नंदकुमार साहू संरक्षक, गणेशराम साहू सलाहकार, चोवाराम साहू उपसरपंच कोर्रा होंगे।

### डांस स्पर्धा में शामिल होंगे छालीवुड कलाकार



**नगरी।** गोवर्धन पूजा के अवसर पर भीतररास, लटियारा, खड़पथरा, घठुला, पांवद्वार , आमगांव, दुगली, गट्टासिली, अंजोरा, बेलरबाहरा, रानीगांव, सिरसिदा में राज्यस्तरीय डीजे डांस स्पर्धा का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सुपरस्टार अमलेश नागेश शामिल होंगे।

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

// ईश्तहार प्रकाशन //

रा.प्र.क्र. /ब-121/वर्ष 2024-25
ग्रामः बकमा, प.ह.नं. 10 रा.नि.मं. कोमाखान
तहसील कोमाखान, जिला महासमुन्द (छ.ग.)

एतद द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका. रूबीना परवीन पिता सफी मोहम्मद जाति मुसलमान निवासी बकमा तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि, उनके स्वंय का जन्म दिनांक 26.07.1986 को ग्राम बकमा तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द में हुआ है। किन्तु आवेदिका के माता-पिता की अज्ञानता एवं कानून की सही जानकारी नहीं होने के कारण आवेदिका के माता-पिता के द्वारा आवेदिका की जन्म की सूचना नियत समय में ग्राम कोटवार बकमा एवं ग्राम पंचायत बकमा को नहीं दे पाये, जिसके कारण रजिस्ट्रार (जन्म) ग्राम पंचायत बकमा के द्वारा आवेदिका का जन्म प्रमाण पत्र नहीं बनाया गया। अतः आवेदिका के द्वारा अपने स्वंय के जन्म दिनांक 26.07.1986 घटना पंजीकृत किये जाने हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें आगामी पेशी दिनांक 04.11.2025 को नियत है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/उजर/दावा या आपत्ति हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 04.11.2025 को उपस्थित हो कर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त का आक्षेप/उजर / दावा/आपत्ति अथवा आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 17.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की

मुहर

तहसीलदार
कोमाखान

# सांस्कृतिक प्रस्तुति ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)



दीपावली पर्व के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचपेड़ी में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से छात्रों ने सुआ नृत्य, गौरी-गौरा एवं राउत नाचा का प्रदर्शन किया। पूर्व छात्रों ने रंगोली सजाई। रंगोली, चित्रकला के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। छात्रों ने अपनी रंगोली में अयोध्या में निर्मित भगवान श्रीराम मंदिर की आकृति उकेरी। प्राचार्य रवींद्र कोसरे ने छात्रों को छत्तीसगढ़ की परंपरा और संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी मिथिलेश सिन्हा ने किया।

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 20 अक्टूबर 2025



## खबर संक्षेप

### युवक के साथ तीन लोगों ने की मारपीट

**महासमुंद।** मोबाइल रखने की बात को लेकर एक युवक के साथ तीन लोगों ने मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पिथौरा थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। मामले को लेकर प्रार्थी परमेश्वर विश्वकर्मा निवासी ग्राम लहरौद 18 अक्टूबर के रात्रि करीब 7.30 बजे सिन्हा ढाबा लहरौद में अपने दोस्त ऋषभ के साथ खाना खाने गया था, कुछ देर बाद उसके गांव के आकाश, दुर्गेश विश्वकर्मा, छोटू विश्वकर्मा भी ढाबा में आये, उसी समय वह अपने मोबाईल को टेबल में रखकर लघुशंका के लिए चला गया। वापस आकर देखा तो मोबाइल वहां पर नहीं था। तब ऋषभ ने बताया कि तीन व्यक्ति आये थे, उसमें से एक व्यक्ति मोबाइल को ले गया है, तब वह लहरौद पडाव ओवरब्रिज के पास जाकर पहुंचा और आकाश, दुर्गेश, छोटू से मोबाइल को रखने के संबंध में पूछा। तब वे तीनों हम लोगों को चोर समझ रहा है कहते हुए गाली गलौच कर मारपीट करने लगे। जब उसके दोस्त ऋषभ ने बीच बचाव किया, तब उसके साथ भी मारपीट किया गया। इसके बाद मोबाइल को आकाश ने निकालकर दिया साथ ही आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। मामले में धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### युवक के साथ मारपीट

**महासमुंद।** युवक के साथ मारपीट के मामले में बागबाहरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। बागबाहरा पुलिस को वार्ड 2 दुर्गा नगर निवासी दुर्गेश साहू ने बताया कि 18 अक्टूबर की रात वह मोटर सायकल से पिथौरा चौक घूमने के लिए गया था। जहां करीब 10 बजे उसे सिलापडेरा का रज्जाक खान मिला, जिसने पुराने विवाद को लेकर गाली गलौज करना शुरू कर दिया। जब उसे गाली देने से मना किया तब आरोपी ने अपने पास रखे धारदार हथियार से हमला किया। प्रार्थी ने बताया कि धारदार हथियार से मारने से उसके बांये आंख के उपर एवं चेहरे में एवं छाती में चोटें आई। मामले में धारा 115(2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# अवैध रेत की नीलामी से शासन को मिलेगा लगभग सवा सात करोड़ का राजस्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण पर कलेक्टर विनय लंगेह की सख्त कार्रवाई एवं पहल के चलते जप्त किए गए अवैध रेत की पारदर्शी नीलामी प्रक्रिया के परिणामस्वरूप 10 रेत ब्लॉकों की नीलामी से शासन को कुल 7 करोड़ 41 लाख रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। यह कार्रवाई जिले में खनिजों की अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित हुई है, जिससे खनन नियंत्रण व्यवस्था में सख्ती व पारदर्शिता स्पष्ट परिलक्षित हुई है।

कलेक्टर लंगेह के नेतृत्व में खनिज संसाधनों के अवैध दोहन पर नकेल कसने के लिए यह निर्णायक कदम उठाया गया। उनकी पहल पर खनिज एवं पुलिस विभाग की एक संयुक्त टीम ने ग्राम पंचायत बरबसपुर, घोड़ारी, बड़गांव और बिरकोनी क्षेत्र में सरकारी एवं निजी भूमि पर अवैध रूप से भंडारित रेत के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया और उसे जब्त किया। इस पारदर्शी प्रक्रिया के सफल परिणाम स्वरूप, 9 ब्लॉकों के सफल बोलीदाताओं ने 6,69,63,266 रुपए की राशि जमा की है, जबकि बरबसपुर-सी ब्लॉक से 56,39,840 रुपए की नीलामी राशि प्राप्त होगी। इसके अतिरिक्त, आवेदन शुल्क से 4,30,000 रुपए एवं जप्त कार्यपालन प्रतिभूति से 10,72,600 रुपए प्राप्त हुए। इन सभी राशियों को जोड़ने पर शासन के खाते में कुल 7,41,05,706 रुपए का महत्वपूर्ण राजस्व प्राप्त हुआ है।

## कलेक्टर के निर्देशन में खनिज विभाग द्वारा लगातार की जा रही कार्रवाई

### ड्रोन सर्वे से सटीक मात्रा का निर्धारण

कार्रवाई के दौरान जब्त की गई अवैध रेत की मात्रा का सटीक निर्धारण सुनिश्चित करने के लिए खनिज विभाग द्वारा एरियल ड्रोन सर्वे कराया गया। इस तकनीकी सहायता से कुल 2,61,323 घनमीटर रेत का विशाल अवैध भंडारण पाया गया। यह कदम अवैध भंडारकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले झूठे दावों को खारिज करने और वास्तविक मात्रा का पता लगाने में अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हुआ।



### 10 ब्लॉकों की पारदर्शी निविदा प्रक्रिया

राजस्व की हानि को रोकने और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए, कलेक्टर लंगेह की पहल पर जब्त की गई विशाल रेत मात्रा को 10 अलग-अलग ब्लॉकों में विभाजित किया गया। इसके पश्चात इन ब्लॉकों की नीलामी एक पारदर्शी निविदा प्रक्रिया के माध्यम से की गई। नीलामी में बरबसपुर-ए, बरबसपुर-बी, घोड़ारी-डी, बड़गांव-ई, बड़गांव-एफ, बड़गांव-जी, बिरकोनी-एच, बिरकोनी-आई और बिरकोनी-जे सहित कुल 10 ब्लॉक शामिल थे।

## त्यौहार : भीड़ को नियंत्रित करने प्रशासन को विशेष प्रयास करने की आवश्यकता

# कल मनेगी दीपावली, हर्षोल्लास का रहेगा माहौल, बाजारों में उमड़ी भीड़, घरों में उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



रोशनी का महापर्व दीपावली, जिसे दीपोत्सव के नाम से भी जाना जाता है, जिले में कल यानी 21 अक्टूबर को पूरे हर्षोल्लास और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया जाएगा। दिवाली के साथ ही 6 दिवसीय दीपोत्सव का मुख्य आकर्षण कल कार्तिक अमावस्या तिथि पर पड़ने वाले लक्ष्मी पूजन और दीवाली के उत्सव पर केंद्रित रहेगा।

जिले का कोना-कोना इस पावन पर्व के रंग में रंग गया है और पूरे जिले में उत्सव का माहौल बना हुआ है। दीपावली के एक दिन पहले मुख्य बाजार, सराफा बाजार, घड़ी चौक, नेहरू चौक और अन्य व्यावसायिक केंद्रों पर भारी भीड़ देखने को मिली। लोग कल होने वाले लक्ष्मी पूजन के लिए आवश्यक सामग्री, नए वस्त्र, मिठाइयां, रंगोली के सामान और विशेष रूप से मिट्टी के दीयों की खरीदारी में व्यस्त दिखे। मिठाइयों की दुकानों पर तरह-तरह की पारंपरिक और आधुनिक मिठाइयों की मांग चरम पर है, वहीं पटाखा बाजार भी पूरी तरह से सज चुका है।

हालांकि, जिला प्रशासन ने प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए ग्रीन पटाखों के उपयोग और निर्धारित समय सीमा के पालन की अपील की है, जिसका असर भी दिख रहा है।

दीपावली का यह महापर्व जिले की संस्कृति और आस्था का प्रतीक है। यह सिर्फ रोशनी का पर्व नहीं, बल्कि अंधकार पर प्रकाश की, असत्य पर सत्य की और निराशा पर आशा की जीत का पर्व है। कल पारंपरिक रीति-रिवाजों और आधुनिक उल्लास के साथ इस पवित्र पर्व को मनाएगा, जिससे पूरे शहर में एक अद्भुत, हर्षोल्लास और भक्तिमय माहौल बना रहेगा।

### घरों में उत्सव की तैयारी, स्वच्छता और सजावट पर जोर

स्वच्छता और पवित्रता के इस पर्व पर लोगों ने अपने घरों की साफ-सफाई कर उसे दुल्हन की तरह सजा दिया है। रंग-बिरंगी लाइटों, झालरों और आकर्षक तोरणों से सजे मकान रात के समय एक मनोरम दृश्य प्रस्तुत कर रहे हैं। विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों में रंगोली बनाने को लेकर खासा उत्साह है। मान्यता है कि दीपावली पर माँ लक्ष्मी धरती पर विचरण करती हैं, इसलिए उनकी स्वागत के लिए घरों के आंगन और मुख्य द्वार पर सुंदर और पारंपरिक रंगोलियां बनाई जा रही हैं।

### शुभ मुहूर्त में होगा लक्ष्मी पूजन

पंचांग और स्थानीय पंडितों के अनुसार, जिले में लक्ष्मी पूजन का सबसे शुभ मुहूर्त कल, सोमवार को प्रदोष काल में रहेगा। सोमवार, 21 अक्टूबर अमावस्या तिथि के दौरान शाम के समय में माँ लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की जाएगी। लक्ष्मी पूजन का मुहूर्त, शाम 7:01 बजे से रात 8:03 बजे तक, प्रदोष काल: शाम 5:33 बजे से रात 8:03 बजे तक, वृषभ काल स्थिर लग्न, शाम 7:01 बजे से रात 9:00 बजे तक। श्रद्धालु इस शुभ मुहूर्त में सुख-समृद्धि और धन-धान्य की कामना करते हुए विधि-विधान से माँ लक्ष्मी की पूजा करेंगे। घरों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और कार्यालयों में भी विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया जाएगा।

### बारिश की संभावना बनी हुई, उत्सव पर असर की आशंका

मौसम विभाग ने दीपावली के आसपास छत्तीसगढ़ के कई जिलों में बारिश की संभावना व्यक्त की है। 20 अक्टूबर और 21 अक्टूबर को जिले में भी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। यदि कल बारिश होती है, तो खुले स्थानों पर होने वाले दीपोत्सव और आतिशबाजी के आयोजन पर इसका असर पड़ सकता है। हालांकि, लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ है और वे वैकल्पिक व्यवस्थाओं के साथ पर्व मनाने की तैयारी में हैं

# मुरूम डालने को लेकर विवाद अलग-अलग मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जगदीशपुर के नरसिंगपुर में मुरूम डालने को लेकर हुए दो पक्षों के बीच हुए विवाद में बसना थाने में अलग-अलग मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस को प्रार्थिया प्रीति सोना ने बताया कि 18 अक्टूबर को दोपहर करीबन 1.30 बजे अपने घर के पीछे का सेप्टिक टैंक जो बरसात में धंस गया था, में उसने मुरूम डलवाया है। जिसे वह जान बिलसन दास एवं अंजना नंद को दिखा रही थी, उसी समय गांव के सरूण सोना, रमा सोना, प्रिंसी सोना, अमित सोना और सूर्यकांत सोना आये और हमारी जमीन में सेप्टिक टैंक बनवाये हो कहते हुए सभी एकराय होकर गालियां देने लगे। जब गाली देने से मना किया तब उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट किया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 191(2), 296 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

वहीं दूसरी ओर प्रार्थिया सरून सोना निवासी नरसिंगपुर जगदीशपुर ने पुलिस को बताया कि 18 अक्टूबर को दोपहर करीबन 130 बजे वह अपने घर पर थी। उसी समय गांव की की प्रीति सोना ने घर के पानी निकासी के लिए बनी नाली को मुरूम डलवाकर नाली को पटवा दिया है, जिस पर उसने कहा कि नाली में मुरूम क्यों डलवाई हो। इस पर आरोपी प्रीति सोना गाली गलौज कर मारपीट करने लगी। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## क्षेत्र में सुआ नृत्य की धूम



**नर्रा।** इन दिनों दीपोत्सव खुशियों का पर्व दिवाली पर छग का पारंपरिक सुआ गीत व नृत्य की धूम है। छोटी-छोटी बच्चियों से लेकर किशोरी बालिकाओं ने छत्तीसगढ़ी वेशभूषा व कलगी धारण कर पारंपरिक सुआ गीत की प्रस्तुति क्षेत्र के गांवों व घरों तथा दुकानों में दी जा रही है।

# दुलारपाली में आरएसएस ने मनाया गया विजयादशमी उत्सव

**सरायपाली (ग्रामीण)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मंडल दुलारपाली खंड बसना द्वारा ग्राम दुलारपाली में विजयादशमी उत्सव व संघ शताब्दी वर्ष, शस्त्र पूजन कार्यक्रम समारोहपूर्वक मनाया गया। जिसमें खण्ड कार्यवाह बसना पंचराम गहिर के मार्गदर्शन व मंडल कार्यवाह देवेंद्र साहू के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने पथसंचलन कर राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता व सामाजिक समरसता का संदेश दिया। जिसमें स्थानीय स्वयंसेवकों के साथ-साथ बसना और खंड के अन्य मंडलों के स्वयंसेवक उपस्थित थे। पथ संचलन उपरांत बौद्धिक सत्र का आयोजन किया। जिसके मुख्य अतिथि पारसमणि पटेल सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत दुलारपाली, मुख्य वक्ता के क्षीरसागर पटेल बौद्धिक शिक्षण प्रमुख राजिम विभाग थे। अरमान साहू की अमृतवाणी व टेकलाल पटेल के एकल गीत के उपरांत मुख्य वक्ता पटेल ने संघ के गठन, कार्यप्रणाली, राष्ट्रहित में किए कार्य, मानव सेवा, संस्कृति संरक्षण, संघ के उद्देश्य, संघ की शक्ति व महत्व को विस्तार से बताने के साथ साथ विजयादशमी पर्व की सार्थकता को भी बताया गया। इस अवसर पर अनेक नागरिक, ग्रामवासी, नारी शक्ति एवं बच्चे उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में इस दिन को खास बताया जब स्वयंसेवकों द्वारा पहली बार पथ संचलन इस गांव में किया गया। आभार प्रदर्शन देवेंद्र साहू मंडल प्रमुख दुलारपाली ने किया।





## गोड़ समाज ने मनाया नवाखाई का पर्व

**महासमुंद।** गोंड़ समाज द्वारा बूढ़ादेव पूजा एवं नवाखाई का कार्यक्रम हुआ। यह आयोजन 18 अक्टूबर को सुबह 10 बजे स्थानीय बूढ़ादेव भवन कलेक्टर आफिस के सामने बीटीआई रोड वार्ड 29 महासमुंद में किया गया। सर्वप्रथम ईष्टदेव बूढ़ादेव की पूजा अर्चना की गई। पश्चात उपस्थित समाज प्रमुखों का उद्बोधन कार्यक्रम हुआ। दोपहर 2.30 बजे सामूहिक नवाखाई का कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष धमधागढ़ कमलेश ध्रुव, एसपी ध्रुव, चमन लाल ध्रुव, मनराखन ध्रुव, रामायण ध्रुव, महेश ध्रुव, रोहित ध्रुव, बहुर सिंह मंडावी, योगेश्वर मंडावी, चंद्र प्रभा ध्रुव, टिकेश्वरी देवी ध्रुव, हुलसी ध्रुव, केवरा ध्रुव, कमला ध्रुव, युमेश्वरी ध्रुव, लखन ध्रुव, प्रेमसिंग गोंड आदि मौजूद रहे। कमलेश ध्रुव ने कार्यक्रम में उपस्थित गोंड समाजजनों को एकजुट रहने का आह्वान किया। आभार प्रदर्शन एमएल ध्रुव ने किया।

# डूब प्रभावितों को राहत, पर संयुक्त खाताधारियों की बढ़ी चिंता, 15 नवंबर से धान खरीदी की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में धान खरीदी की तैयारियों के बीच डूब प्रभावित, वनपट्टाधारी और अन्य विशिष्ट कास्तकारों के लिए बड़ी राहत की खबर है। शासन के नए निर्देश के अनुसार, अब ऐसे किसानों को अनिवार्य एग्रीस्टेक पंजीयन के बिना भी समर्थन मूल्य पर धान बेचने की अनुमति होगी। हालांकि, इस राहत के साथ ही उन्हें सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित होने की चिंता भी सता रही है। जिला प्रशासन सहकारी समितियों और खरीदी केंद्रों पर 15 नवंबर से शुरू होने वाली धान खरीदी को लेकर युद्धस्तर पर तैयारी कर रहा है। जानकारी के मुताबिक, पिछले खरीफ वर्ष 2024-25 में जिले में 182 धान खरीदी केंद्रों में धान की खरीदी की गई थी एवं पिछले साल कुल 1 लाख 53 हजार 281 किसानों का पंजीयन हुआ था, जबकि इस साल 1 हजार से अधिक नए किसानों का पंजीयन भी हुआ है। अभी तक, केवल उन्हीं किसानों का धान खरीदी के लिए पंजीयन हो रहा था, जिनका एग्रीस्टेक पंजीयन सफलतापूर्वक हो चुका था। इससे डूबान प्रभावित, वनपट्टाधारी, संस्थागत जमीन, कोटवारी जमीन और मंदिर, मस्जिद आदि की जमीन पर खेती करने वाले हजारों किसान पंजीयन से वंचित थे। शासन के नए निर्देश में स्पष्ट किया गया है कि इन किसानों का एग्रीस्टेक में पंजीयन नहीं होगा, बल्कि इनका पंजीयन सीधा कैरी फारवर्ड होगा। ये किसान समर्थन मूल्य पर धान तो बेच पाएंगे, लेकिन एग्रीस्टेक पंजीयन न होने के कारण वे कृषि संबंधी शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित होने की संभावना बनी हुई है।



### संयुक्त खाताधारक किसानों की मुसीबत बरकरार

जिले के बड़ी संख्या में संयुक्त खाताधारक किसानों की मुसीबत अभी भी कम नहीं हुई है। जिले में कई ऐसे किसान हैं जो आपसी बंटवारा न होने के कारण संयुक्त खाता की जमीन पर खेती करते हैं। इन किसानों के लिए धान खरीदी पंजीयन को लेकर अब तक कोई स्पष्ट निर्देश जारी नहीं हुआ है। हालांकि, कुछ संयुक्त खाताधारक किसानों का पंजीयन हो चुका है, लेकिन बड़ी संख्या में अभी भी असमंजस की स्थिति में है।

### 15 नवंबर से खरीदी, समर्थन मूल्य तय

जिले सहित पूरे प्रदेश में 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू करने की घोषणा की गई है। इस खरीफ सीजन के लिए केंद्र सरकार ने कामन धान का समर्थन मूल्य 2369 रुपए प्रति क्विंटल और ग्रेड ए धान का मूल्य 2389 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। सहकारी समितियों और उपार्जन केंद्रों पर खरीदी की अंतिम चरण की तैयारियां चल रही हैं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

## 130 टन सब्जियों की होती थी आवक, अब 70-80 टन की ही सप्लाई

# एक-दो को छोड़ सब्जियों के दाम 50 रुपए किलो से कम नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दीपावली के आसपास ठंड की शुरुआत के चलते सब्जियों के दामों में अमूमन कमी देखने मिलती है। पर, विगत दिनों लगातार बारिश के कारण सब्जियों की फसल बुरी तरह से प्रभावित हुई है और यही कारण है कि एक -दो सब्जियों को छोड़कर सब्जियों के दाम 50 रुपए किलो से कम नहीं हैं और यह स्थिति आने वाले 15-20 दिनों तक रहेगी। जब स्थानीय सब्जियों की आवक बढ़ेगी तो सब्जियों के दाम में कमी आएगी।



